1.	**Deepika Dubey D/o Pradeep, Dubeypradeep Dubey S/o Premnarayan & Karuna Dubey W/o Pradeep Dubey All R/o C/o Vinayak Events, #316, Jagjeevanram Nagar, 313 To End, Indore, MP-452003 also At: Unit No. T/G 2, Ground Floor, Block T, HSP Triplex Home Street Park, Umariya, Indore, Madhya Pradesh-453441 Also At: Flat No. R/G-2, Ground Floor, Block R, HSP Triplex, Plot No. A-1, Home Street Parkcolony, Gram Umariya, Distt. Mohu, Indore, Madhya Pradesh-453441 Also At:-C/o Karuna Dubey, #381/26, Nanda Nagar, Indore, MP-452011 SECURED DEBT (AMOUNT IN RS.): Rs. 11,51,518.90** (Rs Eleven Lakh Fifty One Thousand Five Hundred Eighteen & Paise Ninety Only) as on 06.01.2020 plus future interest & costs.	Notice Issued U/s 13(2) of SARFAESI ACT 2002 on **06.01.2020** and POSSESSION taken through Authorized Officer on **02.03.2021** under the provision of Sec13 (4) of the SARFAESI ACT 2002	**1-** All that piece and parcel of Property Bearing Flat/unit No. T/G-2 on the Ground Floor, Block 'T', HSP Triplex, Situated At Home Street Park, Umariya, A.b. Road, Indore, MP-453441	**Rs. 6,75,000/-** / **Rs. 67,500/-**
			2- All that piece and parcel of property bearing Flat No. R/G-2 on the Ground Floor, Block R, HSP Triplex, Plot No. A-1, Home Street Park Colony, Gram Umariya, Distt. Mohu, Indore, Madhya Pradesh-453441	**Rs. 6,75,000/-** / **Rs. 67,500/-**

(A) Last date for submission of bids 10.08.2021 at the Office of M/s Religare Housing Development Finance Corporation Ltd., Second Floor, 9/1/1 M.G.Road, Indore (MP)-452001.

(B) Time & Place of opening of bids/auction:11.08.2021 at 11.00 AM at above said address.

TERMS AND CONDITIONS OF SALE:

1) Full description of the above property is available with Authorized officer. The properties/documents can be inspected after fixing date and time with the Authorized Officer.
2) The intending bidders should send their bids to Authorised Officer, at the above said address, in a sealed cover scribing as **"Bid for auction/sale of property of"Borrowers name"** along with EMD by demand draft drawn in favour of **M/s Religare Housing Development Finance Corporation Limited** payable at **Delhi** on or before **10.08.2021 at 05:00 PM.**
3) The sealed bids will be opened on the **11.08.2021** and thereafter the eligible bidders may be given an opportunity at the discretion of the Authorized officer to participate in inter-se bidding to enhance the offer price.
4) The successful bidder is required to deposit 25% of the bid amount (inclusive of EMD), on the same day by DD/ Cheque drawn in favour of **"M/s Religare Housing Development Finance Corporation Limited "** payable at **Delhi** and the balance amount shall be paid by the successful bidder within 15 days from the date of confirmation of sale by Bank. The EMD as well as Sale Price paid by the interested bidders shall carry no interest. The deposit of EMD or 25% of sale price, whatever the case may be shall be forfeited by the "RHDFCL", if the successful bidder fails to adhere to the terms of sale or commits any default.
5) The successful bidder shall bear all expenses including statutory dues/taxes/bills etc. to Municipal Corporation or any other authorities and fees payable for stamp duty, registration fee etc. for registration of the 'Sale Certificate'.
6) Bank does not take any responsibility to procure any permission/NOC from any Authority or under any other law in force in respect of property offered or any other dues i.e. outstanding water/electric dues, property tax or other charges if any.
7) The Authorized Officer has absolute right to accept or reject any or all the offers/bids or adjourn/cancel the sale without assigning any reason or modify any terms of sale without any prior notice.
8) To the best of its knowledge and information, the **"RHDFCL"** is not aware of any encumbrances on the properties to be sold except of the **"RHDFCL".** Interested parties should make their own assessment of the properties to their satisfaction. Bank does not in any way guarantee or makes any representation with regard to the fitness/title of the aforesaid properties.

1. For any other information, Mr. Milan Gupta, Mob No. 9074812508, Mr. Vinod Kumar Sharma, Mob. No. 8733066613, Mr. Jitendra Prajapati, Mo. No. 9928107281 may be contacted at the above address.

STAUTORY 30 DAYS NOTICE UNDER RULE 6(2), 8(6) & 9(1) OF THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES 2002

The Borrower/Co-Borrowers/guarantors/mortgagers are hereby notified to pay the sum as mentioned above along, with up to date interest and ancillary expenses before auction, failing which the auction of mortgaged property mentioned above shall take place and balance dues if any shall be recovered with interest/cost.

Place : Indore **Authorised Officer**
Date : 30.06.2021 **M/s Religare Housing Development Finance Corporation Limited**

Note: Amount paid if any after issuance of SARFAESI Demand Notice, would be reckoned for ascertaining the dues payable at the time of realization/settlement.

खबरों में रहे स्टॉक

बजाज ऑटो



पहली तिमाही में कुल वाहनों की बिक्री 127 फीसदी बढ़ी

₹ 4,133.2 पिछला बंद भाव
₹ 4,205.6 आज का बंद भाव
▲ 1.8 %

जैन इरिगेशन सिस्टम्स



चौथी तिमाही में 49 करोड़ रुपये का मुनाफा

₹ 26.0 पिछला बंद भाव
₹ 28.5 आज का बंद भाव
▲ 9.8 %

यूनिकेम लैबोरेटरीज



एरिपिप्राजोल टैबलेट के लिए यूएसएफडीए से मिली अस्थायी मंजूरी

₹ 317.8 पिछला बंद भाव
₹ 328.2 आज का बंद भाव
▲ 3.3 %

विमटा लैब्स



नैशनल फूड लैबोरेटरी के लिए एफएसएसएआई संग साझेदारी

₹ 265.4 पिछला बंद भाव
₹ 274.8 आज का बंद भाव
▲ 3.6 %

इंडिया ग्लाइकोल्स



क्लैरिएंट संग संयुक्त उद्यम साझेदारी

₹ 642.1 पिछला बंद भाव
₹ 747.1 आज का बंद भाव
▲ 16.4 %

संक्षेप में

क्रेडआर ने जुटाए 48.1 करोड़ रुपये

बेंगलूरु स्थित इनक्रेडिबल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (क्रेडआर) ने वित्त पोषण के हालिया चक्र में 48.1 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी इस्तेमाल किए गए दुपहिया वाहनों के संगठित बाजार में काम करती है। कंपनी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस चक्र में यामाहा मोटर्स की अगुआई में मौजूदा निवेशक ओमिड्यार नेटवर्क इंडिया और एट रोड्स वेंचर्स के साथ ही एस्टार्क वेंचर्स ने भागीदारी की। पुराने दोपहिया वाहन की बिक्री करने वाली क्रेडआर ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान में शोरूम खोले हैं और ताजा चक्र में जुटाई गई राशि का इस्तेमाल बाजार में स्थिति मजबूत करने, तकनीकी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। *भाषा*

संथालिया टाइटन के मुख्य वित्तीय अधिकारी

आभूषण और घड़ी का कारोबार करने वाली टाटा समूह की कंपनी टाइटन कंपनी ने गुरुवार को कहा कि उसने अशोक संथालिया को अपना नया मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। कंपनी के मुख्य लोक अधिकारी के रूप में स्वदेश बेहड़ा की नियुक्ति की भी घोषणा की गई। कंपनी ने एक बयान में कहा कि दोनों नियुक्तियां 1 जुलाई, 2021 से प्रभावी हैं। *भाषा*

वेदांत 5 अरब डॉलर खर्च करेगी

कंपनी ने अगले 3 साल में करीब 37,500 करोड़ रुपये पूंजीगत खर्च की बनाई योजना

अदिति दिवेकर
मुंबई, 1 जुलाई

अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाली कंपनी वेदांत लिमिटेड ने अगले तीन साल के दौरान विभिन्न कारोबारी इकाइयों में 5 अरब डॉलर (करीब 37,500 करोड़ रुपये) के पूंजीगत खर्च की योजना बनाई है। इस पूंजीगत खर्च का एक बड़ा हिस्सा तेल एवं गैस कारोबार के लिए होगा।

वेदांत रिसोर्सेज लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'करीब 2 अरब डॉलर तेल एवं गैस कारोबार के लिए निर्धारित किए गए हैं जबकि शेष रकम एल्युमीनियम, तांबा, इस्पात, जस्ता आदि के लिए होगी जहां प्रत्येक के लिए करीब 50 करोड़ डॉलर का पूंजीगत खर्च होगा।'

वित्त वर्ष 2020 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2020 तक तीन वर्षों के लिए कंपनी का कुल पूंजीगत खर्च 20,000 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2021 में उसने 7,286 करोड़ रुपये खर्च किए जो वित्त वर्ष 2020 के मुकाबले 14 फीसदी अधिक है।



- पूंजीगत खर्च का एक बड़ा हिस्सा तेल एवं गैस कारोबार के लिए होगा
- वित्त वर्ष 2020 तक तीन वर्षों के लिए कंपनी का कुल पूंजीगत खर्च 20,000 करोड़ रुपये रहा
- वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 7,286 करोड़ रुपये खर्च किए जो 2020 से 14 फीसदी अधिक है

कंपनी मौजूदा वैश्विक महामारी के बावजूद पूंजीगत खर्च में वृद्धि के जरिये आगामी वर्षों में अपनी समग्र क्षमता में करीब 50 फीसदी की वृद्धि करने की योजना बना रही है। अग्रवाल ने वेदांत लिमिटेड अथवा मूल कंपनी वेदांत रिसोर्सेज के मुनाफे के बारे में कुछ भी खुलासा किए बिना कहा, 'इस साल (वित्त वर्ष 2022) हमें 7 अरब डॉलर का मुनाफा भी हो सकता है और इसलिएहमने हमारे कारोबार के लिए अच्छा आवंटन करने का लक्ष्य रखा है।'

अग्रवाल ने यह भी कहा कि फिलहाल वेदांत देश में कम लागत पर तेल उत्पादन करने वाली एकमात्र कंपनी है। उन्होंने कहा कि इस कमोडिटी पर भारत की निर्भरता को देखते हुए कम लागत पर तेल उत्पादन करने वाली अधिक से अधिक कंपनियों को आगे बढ़ने की जरूरत है।

अग्रवाल ने कहा, 'हम सरकार को आयातित कच्चे तेल की कीमत की लगभग एक तिहाई लागत पर कच्चे तेल की बिक्री करते हैं। आयातित लागत जहां 70 डॉलर प्रति बैरल होती हैं, वहीं हमारी कीमत महज 20 से 25 डॉलर प्रति बैरल। हमें देश में और अधिक तेल उत्पादक कंपनियों की आवश्यकता है और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना एकमात्र तरीका है।'

कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी सुनील दुग्गल ने कहा कि खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महज करीब 1.5 फीसदी योगदान करता है। उन्होंने कहा, 'खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन के काफी अवसर मौजूद हैं जो फिलहाल करीब 2 करोड़ रोजगार सृजित करता है।'

वेदांत गोवा और कर्नाटक में लौह अयस्क खनन कारोबार से जुड़ी है। वेदांत लिमिटेड विविध प्राकृतिक संसाधन वाली कंपनी है जिसका कारोबार भारत, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और ऑस्ट्रेलिया में है। कंपनी तेल एवं गैस के अलावा जस्ता, सीसा, चांदी, तांबा, लौह अयस्क, इस्पात, एल्युमीनियम एवं बिजली उत्पादन करती है।

वेदांत समूह का ग्रामीण भारत के लिए बड़ा वादा

अदिति दिवेकर
मुंबई, 1 जुलाई

अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांत समूह ने आज 5,000 करोड़ रुपये के सामाजिक प्रभाव कार्यक्रम की घोषणा की। इसमें पोषण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य सेवा, पशु कल्याण और जमीनी स्तर के खेल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके तहत वैश्विक महामारी के खिलाफ जंग में कई राज्यों में कोरोना मुक्त गांव परियोजना में निवेश भी शामिल है।

कंपनी ने आज जारी अपनी एक विज्ञप्ति में कहा है कि अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) अगले पांच वर्षों के दौरान इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में काम करने के लिए समग्र विकास प्रदान करने वाली वेदांत समूह की सामाजिक पहल की मुख्य इकाई होगी।

केपीएमजी व्यापक तौर पर इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए एएएफ का रणनीतिक साझेदार होगा। 'स्वस्थ गांव अभियान' कार्यक्रम कंपनी की एक मेगा परियोजना होगी। इसके तहत कोविड का न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक प्रतिरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह देश के लिए एक आवश्यक सेवा के तौर पर सामाजिक विकास एवं बुनियादी ढांचा प्रदान करने के समग्र उद्देश्य का हिस्सा होगा।

अनिल अग्रवाल आम लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और सामाजिक भलाई के लिए अपने 75 फीसदी धन देने का वादा पहले ही कर चुके हैं। इसके अलावा इस कार्यक्रम से रोजगार सृजन होगा और युवाओं को कुशल बनाया जाएगा ताकि स्थिरता एवं प्रगति लाने में मदद मिल सके।

इस फाउंडेशन ने देश के 12 राज्यों के 24 जिलों के 1,000 गांवों में मदद और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की योजना बनाई है जिससे करीब 20 लाख से अधिक लोगों का जीवन प्रभावित होगा।

दरें बढ़ाने से परहेज नहीं करेगी भारती एयरटेल

मेघा मनचंदा
नई दिल्ली, 1 जुलाई

भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने गुरुवार को कहा कि कंपनी दर बढ़ाने के लिए तैयार थी और अभी भी इससे पीछे नहीं हटेगी, बशर्ते कि अन्य कंपनियां भी ऐसा करने के लिए आगे आएं। मित्तल ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा, 'हम दरें बढ़ाने से नहीं हिचकेंगे, लेकिन यह एकतरफा या असमान रूप से नहीं किया जाएगा। हम दरों में बहुत ज्याद वृद्धि को नहीं कह रहे हैं बल्कि बाजार धारणा को ध्यान में रखेंगे।' तीन दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा पिछली बार दर वृद्धि दिसंबर 2019 में की गई थी और तब से भारती एयरटेल दर वृद्धि की संभावना तलाश रही है।

भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी गोपाल विट्टल ने कहा कि अतीत में दरें बढ़ाने की जरूरत थी और एआरपीयू 200 के आसपास लाए जाने की जरूरत थी।

विश्लेषकों का मानना है कि रिलायंस जियो द्वारा 10 सितंबर को बाजार में सस्ता स्मार्टफोन लाने की घोषणा के बाद दर वृद्धि की कोशिश प्रभावित हो सकती है। गोल्डमैन सैक्स ने एक रिपोर्ट में कहा है, 'हमारा मानना है कि जियो द्वारा 2जी ग्राहक आधार की बड़ी भागीदारी हासिल करने में सक्षम बनने के लिए डिवाइस मूल्य (जिसे औसत बिक्री कीमत में बिकने वाले फीचर फोन के मुकाबले बहुत ज्यादा नहीं रखना चाहिए) और दरों 2जी दरों के अनुरूप रखने), दोनों को लकर प्रतिस्पर्धी बनने की जरूरत होगी।

कू ने 1,253 पोस्ट हटाए, अनुपालन रिपोर्ट में किया खुलासा

समरीन अहमद
बेंगलूरु, 1 जुलाई

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू नए आईटी नियमों के तहत अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करने वाली पहली घरेलू कंपनी बन गई है। बेंगलूरु स्थित इस स्टार्टअप ने कहा है कि भविष्य में वह हर महीने के पहले दिन रिपोर्ट प्रकाशित करेगी।

कंपनी के अनुसार, जून के दौरान उपयोगकर्ताओं द्वारा 5,502 कूज दर्ज किए गए, जिनमें से 1,253 को हटाया गया था, जबकि सूचना एक घंटे के अंदर शेष 4,249 कूज हटाने के लिए उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत तौर पर भेजी गई थी।

कू के संस्थापक एवं मुख्य कार्याधिकारी अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा, 'चूंकि कू की लोकप्रियता पूरे भारत में तेजी से बढ़ी है, इसलिए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कू सभी जरूरी शर्तें पूरा करने के लिए कानून का पालन करे और हरेक देश को अपने स्वयं के डिजिटल इकोसिस्टम सुनिश्चित करने में सक्षम बनाए। यह अनुपालन रिपोर्ट उस दिशा में एक मजबूत कदम है।'

कू के सह-संस्थापक मयंक बिडवाटका ने कहा, 'कू उन रचनाकारों को भारतीय भाषा में स्वयं को अभिव्यक्त करने और उपयोगकर्ताओं को उस भाषा में जानकारी का इस्तेमाल करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया अब सिर्फ अंग्रेजी बोलने, पढ़ने और लिखने वालों तक सीमित नहीं रह गया है।'

फ्लिपकार्ट उद्यमियों के लिए लाई शॉपसी ऐप

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 1 जुलाई

वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स फर्म फ्लिपकार्ट ने शॉपसी नाम से एक ऐप लॉन्च किया है जो भारतीयों को बिना किसी निवेश के अपना ऑनलाइन कारोबार शुरू करने में समर्थ बनाएगा। उनके स्थानीय नेटवर्क को प्रभावित करने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की क्षमता के साथ शॉपसी के उपयोगकर्ता फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए 15 करोड़ उत्पादों के चयन के लिए कैटलॉग को साझा करने में सक्षम होंगे। लोकप्रिय सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप के जरिये संभावित ग्राहकों के साथ ये उत्पाद फैशन, सौंदर्य, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और होम श्रेणी में होंगे।

फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (वृद्धि एवं मुद्रीकरण) प्रकाश सिकारिया ने कहा, 'पिछले कई वर्षों के दौरान फ्लिपकार्ट देश भर में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में अपना योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध रही है।' उन्होंने कहा, 'शॉपसी को उसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए लॉन्च किया गया है और यह लाखों भारतीय उद्यमियों के लिए अतिरिक्त कमाई का अवसर प्रदान करेगा। अब कहीं से भी कोई भी शून्य निवेश के साथ अपना ऑनलाइन कारोबार शुरू कर सकता है।'

शॉपसी के साथ फ्लिपकार्ट ने 2023 तक 2.5 करोड़ से अधिक ऑनलाइन उद्यमियों को समर्थ करने का लक्ष्य रखा है क्योंकि डिजिटल वाणिज्यि का लाभ हासिल कर सकते हैं। उसने वर्षों की अपनी ई-कॉमर्स विशेषज्ञता को भारतीय उद्यमियों के लिए खोल दिया है। उपयोगकर्ता केवल अपने फोन नंबर के जरिये शॉपसी पर पंजीकरण करते हुए अपनी ऑनलाइन कारोबारी यात्रा शुरू कर सकते हैं। उभरते उद्यमी अब अपना कारोबार स्थापित कर सकते हैं क्योंकि जब तक उनके पास ऐसे लोगों के किसी नेटवर्क तक पहुंच न हो जो उन पर भरोसा करते हों। इसके लिए उन्हें न तो कोई निवेश करना पड़ेगा और न ही किसी इन्वेंट्री अथवा लॉजिस्टक का प्रबंधन करने की आवश्यकता होगी।

- 2023 तक 2.5 करोड़ ऑनलाइन उद्यमियों को समर्थ करने का लक्ष्य
- फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए 15 करोड़ उत्पादों के चयन के लिए कैटलॉग साझा कर सकेंगे उपयोगकर्ता

सिकारिया ने कहा, 'उद्यमी अब फ्लिपकार्ट के कैटलॉग, स्थापित डिलिवरी नेटवर्क और बुनियादी ढांचे का उपायोग करते हुए विश्वसनीयता एवं रफ्तार बढ़ा सकेंगे।' उन्होंने कहा कि इससे उन्हें अंतिम ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने में मदद मिलेगी जिससे वह अपना कारोबार बढ़ा सकेंगे।

दूरसंचार: वृद्धि बरकरार, राजस्व में सुस्ती

कृष्ण कांत
मुंबई, 1 जुलाई

देश के दूरसंचार ऑपरेटरों ने वृद्धि की राह पर वापसी की है और वित्त वर्ष 2021 में उनकी एकीकृत शुद्ध बिक्री में 11.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसके साथ ही उद्योग का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2018 से 36.6 फीसदी अधिक हो चुका है। हालांकि 2016 में रिलायंस जियो के आने के कारण हुए व्यवधान की पूरी भरपाई करने में दूरसंचार उद्योग को अभी वक्त लगेगा। पिछले वित्त वर्ष में दूरसंचार उद्योग का एकीकृत राजस्व वित्त वर्ष 2016 के शीर्ष स्तर के मुकाबले 16.5 फीसदी कम रहा।

भारती एयरटेल, रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल जैसी मौजूदा दूरसंचार ऑपरेटरों की एकीकृत शुद्ध बिक्री वित्त वर्ष 2021 में 1.87 लाख करोड़ रुपये रही जबकि मार्च 2016 में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान यह आंकड़ा 2.24 लाख करोड़ रुपये का रहा था।

वास्तव में, वित्त वर्ष 2021 में राजस्व वित्त वर्ष 2013 के 1.83 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले थोड़ा अधिक रहा। उस साल देश में नौ मोबाइल ऑपरेटर थे। लेकिन अब मोबाइल ऑपरेटरों की संख्या घटकर 5 रह गई है जिनमें सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान कई दूरसंचार ऑपरेटरों को अपनी दुकान बंद करनी पड़ी जिनमें रिलायंस कम्युनिकेशंस, टाटा टेलीसर्विसेज, एयरसेल, टेलीनॉर इंडिया और लूप मोबाइल शामिल हैं। जबकि वोडाफोन इंडिया एवं आइडिया सेल्युलर के एकीकरण के जरिये नई कंपनी वोडाफोन आइडिया सृजित हुई।

असल में रिलायंस जियो ने अधिकतर मौजूदा दूरसंचार ऑपरेटरों के कारोबार में सेंध लगाई है लेकिन वह 2016 में कीमत को लेकर छिड़ी जंग के बाद उद्योग के राजस्व में हुए नुकसान की भरपाई करने में विफल रही है। रिलायंस जियो ने वित्त वर्ष 2021 में करीब 70,000 करोड़ रुपये की शुद्ध बिक्री दर्ज की जो उसके पहले वर्ष 2017 में 20,000 करोड़ रुपये की शुद्ध बिक्री के मुकाबले करीब ढाई गुना अधिक है। इसके मुकाबले वित्त वर्ष 2016 और वित्त वर्ष 2018 के दौरान उद्योग की एकीकृत शुद्ध बिक्री को करीब 81,000 करोड़ रुपये का झटका लगा।

हालांकि रिलायंस जियो के पूंजीगत खर्च से अब निष्क्रीय हो चुके ऑपरेटरों के पूंजी नुकसान की भरपाई हो गई है। उद्योग की परिसंपत्ति पांच साल पहले के मुकाबले अब कम उत्पादक रह गई है। पिछले पांच वर्षों के दौरान उद्योग दुर्दशा में वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर की गिरावट का योगदान सबसे अधिक रहा जो 2018 में एकीकृत होकर वोडाफोन आइडिया बन गई। वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर ने अपने चरम पर वित्त वर्ष 2015 में करीब 87,000 करोड़ रुपये की एकीकृत शुद्ध बिक्री दर्ज की थी। इसके मुकाबले एकीकृत कंपनी ने वित्त वर्ष 2021 में 42,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व दर्ज किया है।

इसी प्रकार बीएसएनएल की शुद्ध बिक्री में पिछले पांच वर्षों के दौरान 40 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही के लिए उसके वित्तीय नजीजों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2016 में शुद्ध बिक्री 28,400 करोड़ रुपये थी जो घटकर वित्त वर्ष्ज 2021 में 17,000 करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस जियो के आने से भारती एयरटेल सबसे कम प्रभावित हुई लेकिन वह वृद्धि रफ्तार सुस्त हो गई। कंपनी के भारतीय मोबाइल कारोबार ने वित्त वर्ष 2021 में 55,600 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया जो वित्त वर्ष 2017 में उसके शीर्ष स्तर से 2 फीसदी कम है।

SBI
पीआरएम सेल, एफपी एवं एमडी, कॉर्पोरेट सेन्टर, जयपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ऑटो डायलर कम वॉइस रिकॉर्डर एवं बैंक की एप्लिकेशनों के साथ इसके एकीकरण हेतु योग्य बोलीकर्ताओं से बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं (आरएफपी नं. SBI/FPMD/PRM/ADVR/2021-22/1 दिनांकित 02.07.2021)। बोलियाँ जमा करने के इच्छुक बोलीकर्ता https://bank.sbi पर प्रोक्योरमेंट न्यूज एवं ई-प्रोक्योरमेंट एजेन्सी पोर्टल https://etender.sbi/SBI पर विजिट कर सकते हैं।
आरएफपी के डाउनलोड का आरंभ : 02.07.2021 को 17:00 बजे से
बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 23.07.2021 को 15:00 बजे तक
स्थान: जयपुर हस्ताक्षर/-
दिनांक: 02.07.2021 उप-महाप्रबंधक (पीआरएम)

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500 028
CIN: L13100TG1958GOI001674

ई-निविदा सूचना

बिड सं. एनएमडीसी-किरंदुल/एसपी-III/2021/पैकेज-X दिनांक: 02.07.2021
एनएमडीसी लिमिटेड, प्रतिष्ठित एवं सक्षम संविदाकारों/फर्मों से निम्नांकित विवरण के अनुसार टर्न की आधार पर ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:
पैकेज का नाम: किरंदुल कॉम्प्लेक्स, जिला दंतेवाडा, छत्तीसगढ राज्य में टर्न की आधार पर फीडिंग कन्वेयर प्रणाली के साथ-साथ रैपिड वैगन लोडिंग प्रणाली (आरडब्लूएलएस) के लिए शेष इंजीनियरिंग और साइट सर्विसेज सहित शेष कार्य (पैकेज-X)
क)परामर्शदाता : टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स, कोलकाता
ख) पूर्णता अवधि: पंद्रह (15) माह (मानसून अवधि सहित)
ग) ईएमडी राशि: शून्य (बिड सुरक्षा घोषणा प्रस्तुत करना अपेक्षित)
बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तथा समय: दिनांक 02.08.2021 को अपराह्न 03.00 बजे अथवा उससे पूर्व (आईएसटी)
अपेक्षित पूर्व-योग्यता एवं निविदा दस्तावेज एनएमडीसी की वेबसाइट https://www.nmdc.co.in; सीपीसी पोर्टल www.eprocure.gov.in एमएसटीसी की वेबसाइट https://mstcecommerce.com से 02.07.2021 से 01.08.2021 तक अवलोकन/डाउनलोड किए जा सकते हैं।
एनएमडीसी की वेबसाइट से बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए करने के लिए बोलीकर्ता एनएमडीसी के वेबसाइट लिंक: http://www.nmdc.co.in/nmdctender/Default.aspx. पर बिड खंड में 'नये उपयोगकर्ता' के रूप में पंजीकरण करें।
एमएसटीसी से बोली दस्तावेजों के लिए बोलीकर्ता वेबसाइट लिंक https://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/buyer/Default.aspx को क्लिक करें तथा निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।
एमएसटीसी संदर्भ सं एनएमडीसी/एचओ/25/21-22/ईटी/133
भविष्य में निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए बोलीकर्ता समय-समय पर उपरोक्त वेबसाइट देखें।
अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए अधोहस्ताक्षरी से संपर्क किया जा सकता है।
श्री सोमेन बिसाई, परियोजना प्रबंधक, टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड
ब्लॉक जी सी-30/अ, सेक्टर-III साल्ट लेक, कोलकाता-700 106, पश्चिम बंगाल, भारत
मो.(+91) 91636 22244, फोन: (+91-33) 66115500, फैक्स: (+91-33) 66115501; ई-मेल: sbisai@tce.co.in
हर एक काम देश के नाम

बिज़नेस स्टैंडर्ड
भोपाल संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटिड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म.प्र. 462023 से मुद्रित एवं
C/o. अशोक कुमार जैन, शॉप नंबर 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल -462001 से प्रकाशित
संपादक: कैलाश नौटियाल

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै० बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं

DIVYA JYOTI INDUSTRIES LIMITED
Regd. Office : Plot No. M-19-39, Sector-III, Industrial Area, Pithampur 454 775 Dist- DHAR (M.P.)
CIN: L15143MP1992PLC007090
Website:www.divyajyoti.net Email: shares@divyajyoti.net Tel. No. 0731-4010900-01 Fax No. 0731-4010902
(Rs.in lakhs except per share data)

Particulars	Quarter Ended 31.03.2021 (Audited)	Quarter Ended 31.03.2020 (Audited)	Year Ended 31.03.2021 (Audited)	Year Ended 31.03.2020 (Audited)
Total revenue from Operations/Turnover	0.00	0.00	0.00	0.00
Net profit/ (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(416.97)	(192.28)	(435.64)	(244.53)
Net profit/ (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(416.97)	(192.28)	(435.64)	(244.53)
Net profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(416.97)	(193.33)	(435.64)	(245.59)
Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/ Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	(416.97)	(193.33)	(435.64)	(245.59)
Equity Share Capital(Paid-up)	1030.00	1030.00	1030.00	1030.00
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year*	-	-	-	-
Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)-	-	-	-	-
1. Basic	(4.05)	(1.88)	(4.23)	(2.38)
2. Diluted	(4.05)	(1.88)	(4.23)	(2.38)

Note : The above is the extract of the detailed format of Quarterly and Audited Financial Results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Audited financial results are available on the stock exchange website i.e. www.bseindia.com and also on the website of the Company i.e. www.divyajyoti.net
For Divya Jyoti Industries Limited
Sd/-
Place: INDORE
Date: 30.06.2021
Sajjan Kumar Dokania, Resolution Professional

पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड
CIN: L24232MP1989PLC005390
पंजी. कार्या. बी-6 व बी-7, सेक्टर-सी, इंडस्ट्रियल एरिया, सनवेर रोड, इंदौर (म.प्र.)-452015
Ph.: 0731-2721709, Fax : 91-22063929, Website : www.panchsheelorganics.com

इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी को कंपनी के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा और इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोक्टेशन फंड अथॉरिटी (लेखांकन, लेखा परीक्षण, हस्तांतरण और वापसी) नियमावली, 2016 ("नियमावली") समय-समय पर संशोधित अनुसार के अनुपालन में, कंपनी के इक्विटी शेयर जिसके लाभांश लगातार सात वर्षों या अधिक के लिए शेयरधारकों द्वारा चुकता या दावा नहीं किया गया है, इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोक्टेशन फंड अथॉरिटी ("अथॉरिटी") के डिमेट खाते में कंपनी द्वारा हस्तांतरित किए जाने की आवश्यकता है।
नियमावली के अनुपालन में, कंपनी ने उनके पंजीकृत पतों पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा 01 जुलाई, 2021 को भौतिक मोड में व्यक्तिगत प्रेषण प्रेषित किया है। यह प्रेषण उन सभी शेयरों के लिए किया गया है जो उचित कार्यवाही के लिए वित्तीय वर्ष 2021-2022 के दौरान अथॉरिटी को हस्तांतरित किए जाने के योग्य हैं।
कंपनी ने इनवेस्टर के सेक्शन के तहत अपनी वेबसाइट www.panchsheelorganics पर अथॉरिटी को हस्तांतरण के लिए देय इक्विटी शेयर और नाम, फोलियो नंबर/डीपी आईडी व क्लाइंट आईडी सहित ऐसे शेयरधारकों का पूर्ण विवरण अपलोड किया है। शेयरधारकों से अथॉरिटी को हस्तांतरित किए जाने योग्य सभी शेयरों और गैर चुकता/गैर दावा लाभांश का विवरण वेरिफाई करने के लिए उक्त वेबसाइट का संदर्भ लेने का अनुरोध है।
भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारक और जिनके शेयर अथॉरिटी को हस्तांतरित किए जाने योग्य हैं, कृपया ध्यान दें कि कंपनी निगमित मामलों के मंत्रालय द्वारा निर्धारित अनुसार प्रक्रिया अपनाने के बाद डिमेट फॉर्म में उक्त शेयरों को परिवर्तित करने के लिए मूल शेयर प्रमाणपत्र(ओं) के संबंध में नए शेयर प्रमाणपत्र(ओं) को ज